दिनांक : 04.04.2045 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- वक्फ संशोधन विधेयक-2025 संसद से हुआ पारित। कल राज्य सभा ने 12 घंटे चर्चा के बाद दी मंजूरी।
- प्रधानमंत्री आज बैंकॉक में छठे बिम्स्टेक शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा।
- खंडवा के छैगांवमाखन क्षेत्र में कुए की सफाई करने उतरे 8 लोगों की मृत्यु।
- राज्य स्तरीय खेल शिखर सम्मान-2023 की हुई घोषणा। 12 खिलाड़ियों को मिलेंगे विक्रम पुरस्कार।

अब समाचार विस्तार से:-

संशोधन विधेयक

वक्फ संशोधन विधेयक 2025 संसद से पारित हो गया है। राज्यसभा ने 12 घंटे की चर्चा के बाद इसे कल इसे मंजूरी दी। 128 सदस्यों ने संशोधन विधेयक के पक्ष में और 95 ने विपक्ष में मतदान किया। लोकसभा से यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है।

वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों के संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ वक्फ परिसंपत्तियों का समुचित प्रबंधन करना है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि इस अधिनियम से मुस्लिम समुदाय के करोड़ों निर्धन लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति में सभी सदस्यों के सुझावों पर विचार किया गया और उन्हें विधेयक में शामिल किया गया। विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए उन्होंने कहा केवल मुस्लिम समुदाय ही वक्फ से लाभान्वित होंगे और वक्फ परिसंपत्तियों के प्रबंधन में किसी भी गैर मुस्लिम का हस्तक्षेप नहीं होगा।

मुख्यमंत्री - वक्फ

वक्फ विधेयक के पारित होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। कल मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सनवर पटेल के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर लोकसभा में पारित हुए वक्फ (संशोधन) विधेयक- 2025 हेतु केंद्र सरकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

प्रधानमंत्री थाईलैंड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज थाईलैंड के बैंकॉक में बहु क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी स्थित देशों की पहल -बिम्स्टेक के छठे शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन की थीम है- बिम्स्टेक - समृद्ध, समायोजी और समावेशी। सम्मेलन के दौरान बैंकॉक दृष्टि पत्र 2030 अनुमोदित किया जाएगा और भावी रणनीति तय करने के लिए बिम्स्टेक गणमान्य व्यक्ति समूह की रिपोर्ट का भी अनुमोदन होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की थाईलैंड यात्रा पर कल बैंकॉक पहुंचे। उन्होंने थाईलैंड के प्रधानमंत्री पेथोनथान शिनोवात्रा के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने परस्पर सहयोग के विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की। श्री मोदी और श्री शिनोवात्रा की उपस्थिति में भारत-थाईलैंड कार्यनीतिक भागीदारी से संबंधित संयुक्त घोषणा पत्र का आदान-प्रदान हुआ। बिम्स्टेक शिखर सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपनी यात्रा के दूसरे चरण में श्रीलंका जाएंगे। श्रीलंका की तीन दिन की यात्रा के दौरान वे राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

मुख्यमंत्री-आज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नवरात्रि के छठे दिन दतिया स्थित पीताम्बरा माई के दर्शन करेंगे। धार्मिक नगरों एवं ग्राम पंचायतों में शराबबंदी लागू होने के बाद किसी धार्मिक स्थल का ये मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पहला दौरा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दतिया स्थित स्टेडियम में धन्यवाद सभा में भी शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री अशोकनगर जिले की तहसील ईसागढ़ की ग्राम पंचायत आनंदपुर स्थित श्री आनंदपुर ट्रस्ट भी पहुंचेंगे। यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 अप्रैल को प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का अवलोकन करेगें। इसके बाद मुख्यमंत्री ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगें।

खंडवा हादसा

खंडवा जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव में कल गणगौर विसर्जन के लिए कुएं की सफाई के लिए उतरे 3 व्यक्ति के दलदल में फंसने पर बचाने के प्रयास में कुएं में उतरे 5 अन्य व्यक्ति भी फंस गए। कुएं में जहरीली गैस से दम घुटने के कारण सभी 8 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। जिला कलेक्टर ऋशभ गुप्ता ने बताया घटना की जानकारी मिलते ही बचाव अभियान चलाया गया और सभी शव निकाल लिये गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुःख जताते हुए गहरी शोक संवेदना प्रगट की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

ओबीसी आरक्षण

जबलपुर हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण पर प्रदेश सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। ओबीसी को आबादी के हिसाब से 51 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और जस्टिस विवेक जैन की बेंच ने सरकार को जवाब देने के लिए 2 हफ्ते की अंतिम मोहलत दी है। कोर्ट ने ये भी साफ कर दिया है कि अगर 2 हफ्ते में जवाब नहीं आता है, तो सरकार पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

खेल शिखर सम्मान

राज्य शासन ने राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार वर्ष 2023 की घोषणा की है। राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार में 12 विक्रम, 11 एकलव्य, 3 विश्वामित्र और एक लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार शामिल हैं। निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर सहित छह खिलाड़ियों को विक्रम अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। जिम्नास्टिक के लिए रतनलाल वर्मा को महत्वपूर्ण योगदान देने पर वर्ष 2023 के लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार के लिये चयनित किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने ट्वीट कर पुरस्कार प्राप्त सभी को बधाई दी है।

स्कूल शिक्षा समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर बच्चे की शिक्षा, चिकित्सा और पोषण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए हमने विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 3000 करोड़ रुपए अधिक बजट का प्रावधान किया। मुख्यमंत्री कल समत्व भवन में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभागीय अधिकारी कन्या छात्रावास में महिला अधिकारी की नियुक्ति, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान देने को कहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था नई जरूरतों के मुताबिक सुधार लाने के लिए सांदीपनी विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) जैसे क्रांतिकारी नवाचार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय देश में एक आदर्श विद्यालय (मॉडल स्कूल) बनकर उभरें, इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां और प्रयास किए जाएं।

आई पी एल - क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल रात कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रन से हरा दिया। 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद की टीम 16 ओवर और 4 गेंद में 120 रन पर सिमट गई। कोलकाता के लिए वैभव अरोडा ने तीन विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

आज शाम साढे सात बजे लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स और मुम्बई इंडियन्स के बीच मुकाबला होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रदेश में भगवान बुद्ध का जिन स्थानों पर प्रभाव रहा है, वहां बौद्ध सर्किट के रूप में विकसित करने के प्रयास करने को कहा है। डॉ. यादव कल सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक में बोल रहे थे।
- इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों, कुँओं, बावड़ी के गहरीकरण, जीर्णोद्धार के कार्य किये जा रहे हैं। कल इंदौर विकासखंड के ग्राम जलोदकेऊ में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले के कोलारस अनुविभाग अंतर्गत बिना अनुमति के गेहूं परिवहन करते हुए दो ट्रक जप्त किए गए हैं। कोलारस एसडीएम ने बताया कि दो ट्रकों पर कार्यवाही की गई है।
- सीधी और सिंगरौली जिले में 11 सौ करोड़ रुपए की लागत से बन रहे गोंड सिंचाई प्रोजेक्ट पर जबलपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि उसे अधिसूचित क्षेत्रों में पेसा एक्ट के प्रावधानों का पालन करना होगा।
- लोक निर्माण मंत्री और नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम शहर के फेफर ताल स्थित तालाब के जीणोद्धार के कार्य में कल श्रमदान किया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार कल नगरीय क्षेत्र झाबुआ में स्कूल शैक्षणिक संस्थाओं, कॉलेजो के 100 मीटर की परिधि में तंबाकू, गुटका, सिगरेट इत्यादि अन्य मादक उत्पाद विक्रय किए जाने वालों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही की।

-------